Mission Shikshan Samvad

~ वेद ~

काव्य मंजरी

शैक्षिक कविताओं का संकलन

काव्यांजलि

मिशन शिक्षण संवाद

मिशन शिक्षण संवाद

वेद : एक परिचय

ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद,अथर्ववेद,
ऋग्वेद सबसे प्राचीन माना जाता है।

इसमें है 10 मण्डल इसी में गायत्री मंत्र,
धार्मिक अवसरों पर उच्चारण किया जाता है।

यजुर में भिन्न –भिन्न यज्ञों का वर्णन है,
उसे पूर्ण करने की विधियाँ बताए है।

साम में सप्त स्वर भारतीय संगीत के,
नृत्य विधाओं का मर्म समझाए है।

तंत्र-मंत्र,जादू-टोना आदि का है मायाजाल,
सबको अथर्ववेद खूब समझाए है।

वेद शब्द संस्कृत के विद् शब्द से है बना,
अर्थ है जानना तुम्हें समझाए हैं।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।

रचना
राज कुमार शर्मा (प्र.अ.)
पू.मा.वि.चित्रवार
मऊ, चित्रकूट

"मिशन शिक्षण संवाद"

वेद : ऋग्वेद

अति पुनीत,पावन,प्रबल,है ऋग्वेद महान।
पर्यावरण प्रधान है, करता 'वेद' बखान।।

अति प्राचीन जगत ने जाना।
प्रथम वेद ऋग्वेद प्रमाना।।
सहस सूक्त,दस मंडल धारा।
ग्यारह सहस मंत्र विस्तारा।।
जड़-चेतन जाते कछु पावें।
सादर देव परम कहलावें।।

सबहि देव तैंतीस प्रकारा।
सूक्त मंत्र हर भाँति उचारा।।
सौर,वायु,जल,मृदा सुभीता।
औषधि पूरित ज्ञान पुनीता।।
मिलें सवा सौ औषधि नाना।
हवन शल्य औषधि विज्ञाना।।

समय नियम सब भाँति सुहाए।
मानव रूप बना समझाए।।
च्यवन ऋषि की कथा सुनाई।
युवा देह पुनि कैसे पाई।।
विस्तारित विधि विविध प्रकारा।
है ऋग्वेद पद्य में प्यारा।।

विपिन गुप्त "वेद"(विज्ञान शिक्षक)
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
छाता, मथुरा

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

'मिशन शिक्षण संवाद'

वेद : यजुर्वेद

भारत की अनमोल धरोहर,ऋषियों का यह दिव्य प्रसाद।
वेदों का विज्ञान जो समझे, वह जीवन का करता उद्धार।।

यजुर्वेद वह वेद अनोखा, जिसे पढ़कर मानव बने प्रकांड।
तर्पण और समर्पण सारा ,और मिलता पूरा यज्ञ विधान।।

चार वेद में प्रमुख वेद जो,सिखलाता है मन्त्र जहान।
कर्मकाण्ड की विधा बताता, अनुष्ठान के मन्त्र महान।।

दक्षिण भारत में कृष्ण यजुर्वेद, उत्तर में है शुक्ल का ज्ञान।
अद्भुत है यह वेद अनोखा, हर लेता मानव का अज्ञान।।

यजुष शब्द का अर्थ यज्ञ है, यज्ञ शुद्ध करता संसार।
प्राणिमात्र जीवन के करता,निर्मल और पवित्र विचार।।

वेदव्यास की रचना प्यारी,पतंजलि के वर्णन का सार।
मानव के जीवन से जुड़ता,इसके मन्त्रों का मूल प्रसार।।

कुरुक्षेत्र में रचित वेद यह,हवन को करता है आसान।
यज्ञ,नियम,आचार सहिंता,सभी के मिलते यहाँ प्रमाण।।

जन्म-मृत्यु,नित संस्कार सब,यह यजुर्वेद करता आसान ।
दिव्य मन्त्र और विधि अर्चना,संस्कृति का करता उत्थान।।

याज्ञवल्क्य ऋषि की वाणी, इस यजुर्वेद दर्शन की आन।
सदियों से जो रही प्रमाणिक,मानव का करती कल्याण।।

कृष्ण कुमार (प्र०अ०)
प्रा० वि० रामपुर की मड़ैया
भाग्यनगर, औरैया

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

मिशन शिक्षण संवाद

वेद : सामवेद

प्राचीन पवित्र बड़े होते हैं,
चार की संख्या में वेद।
संगीत का दाता उनमें से,
होता है यह सामवेद।।

सामवेद होता सबसे छोटा
सात स्वरों का दायक है।
भारतीय संगीत का जनक है,
शैली इसकी गायन है।।

अठारह सौ पचहत्तर मंत्रों की,
इसमें संख्या होती है।
ज्ञान, भक्ति और कर्मयोग की,
इसमें त्रिवेणी होती है।।

सामवेद के मंत्र जाप से,
रोगों से बच सकते हैं।
नृत्य, छंद, सुर, ताल सभी को,
सीख यहाँ हम सकते हैं।।

रचना
अशोक कुमार (स0अ0)
कम्पोजिट विद्यालय रामपुर
कल्याणगढ़, मानिकपुर,चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

मिशन शिक्षण संवाद

वेद : अथर्ववेद

वेद ज्ञान,गुण,धर्म खजाना।
विपुल मंत्र स्तुति हैं नाना।।
ऋषि अथर्वा परम पुनीता।
रचा अथर्ववेद संहिता।।

ब्रह्मवेद उपनाम जानते।
मंत्र चिकित्सा और विज्ञान के।।
दर्शन और देवोस्तुति मंत्र भी।
लौकिक जीवन से संबंधित।।

रोग निवारण,जादू-टोना।
तंत्र-मंत्र,वशीकरण का होना।।
शाप,प्रायश्चित विषय अनेकों।
ब्रह्मज्ञान आदि वर्णन हैं जो।।

बीस मण्डल,चालीस अध्याय।
ऋषि अंगिरा, दृष्टा द्वितीय।।
आर्य-अनार्य विचारधाराएं।
इसी वेद में समन्वय पाएं।।

दो शाखाएं अथर्ववेद की।
शौनक और पिप्पलाद ही।।
ब्राह्मण ग्रंथ इसका है गोपथ।
मुण्डक,माण्डूक्य,प्रश्नोपनिषद्।

रचना

अरविन्द कुमार सिंह (स.अ.)
प्रा.वि.धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचनाकारों की सूची

राज कुमार शर्मा ,चित्रकूट

कृष्ण कुमार ,औरैया

विपिन गुप्त "वेद" ,मथुरा

अरविन्द कुमार सिंह ,वाराणसी

अशोक कुमार ,चित्रकूट

~ टेक्निकल टीम ~

- प्रांजल सक्सेना
- नवीन पोरवाल
- पूजा सचान
- रीना सैनी
- प्रवीणा दीक्षित
- प्रतिभा चौहान

- अर्चना अरोड़ा
- आयुषी अग्रवाल
- ज्योति कुमारी
- गीता यादव
- वन्दना यादव
- मन्जू शर्मा

शिक्षा का उत्थान,
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।

- साकेत बिहारी शुक्ल

मिशन शिक्षण संवाद